# घातक हमले में 11 बच्चों समेत 20 की मौत

**शांत माहौल के बाद पिछले कुछ हफ्तों में यह सबसे घातक हमला**



**काबुल, 10 जून. पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती तीन प्रांतों पर हमले किये हैं, इसमें 11 बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गयी.**

अफगानिस्तान के सरकारी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. दोनों देशों के बीच बने कुछ समय के शांत माहौल के बाद पिछले कुछ हफ्तों में यह सबसे घातक हमला है. अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर लिखा, बीती रात पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त और पक्तिका प्रांतों में आम नागरिकों के घरों पर बमबारी की. इन हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी. मार्च के मध्य (विशेषकर 16 मार्च) को काबुल और कंधार पर अभूतपूर्व हमले हुए थे, जिसके बाद अप्रैल में दोनों देशों के बीच एक अस्थायी शांति समझौता हुआ था. पिछले महीने प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल के पहले तीन महीनों में उस संघर्ष में कम से कम 372 अफगान नागरिक मारे गये और 397 अन्य घायल हुए. साल 2021 में तालिबान के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं.

> हमले पिछले कुछ हफ्तों में सबसे घातक हैं और फरवरी के अंत में दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद सीमा पर उपजे अपेक्षाकृत शांत माहौल के बाद हुए हैं. इससे पहले पाक वायुसेना ने फरवरी से लेकर मार्च 2026 के मध्य अफगानिस्तान पर कई हमले किये थे. उस समय दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि पाकिस्तान ने इसे खुली जंग घोषित कर दिया था.

## कांग्रेस ने बुलाई आपात बैठक

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों और संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा के लिए गुरुवार को यहां पार्टी महासचिवों, विभिन्न राज्यों के प्रभारियों तथा प्रदेश अध्यक्षों की आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की यह बैठक यहां इंदिरा भवन में सुबह से 11 बजे से शुरु होगी. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के मद्देनजर पार्टी की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा.

# प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा को भारतीय लोकतंत्र का प्रेरक उदाहरण बताया

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने पीएम मोदी को बधाई दी



**नई दिल्ली, 10 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी को देश में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लम्बे कार्यकाल का कीर्तिमान स्थापित करने की बधाई दी.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जीवन-यात्रा प्रेरणादायी है और यह दिखाती है कि भारतीय लोकतंत्र में उन सभी लोगों के लिए अवसरों के द्वारा पूरी तरह खुले हैं जो मेहनत, ईमानदारी तथा लगन के साथ देश की सेवा के लिए अपने को समर्पित करते हैं।राष्ट्रपति ने श्री मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 4399 दिन पूरे होने के अवसर पर उन्हें लिख पत्र में कहा है, एक साधारण पृष्ठ भूमि से शुरू हो कर सबसे लंबे समय तक भारत के चुने हुए प्रधानमंत्री बनने का रिकार्ड बनाने और लगातार लोगों की सेवा करने तक का आपका सफ़र, भारतीय लोकतंत्र की सबसे प्रेरणादायक बातों में से एक है. आप की यह यात्रा दिखाती है कि हमारे गणतंत्र में, सार्वजनिक जीवन उन सभी के लिए खुला है जो पूरे सेवा भाव , प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के साथ स्वयं को देश की बेहतरी के लिए समर्पित करते हैं.

# गडकरी से मणिपुर के सीएम की हाइवे परियोजना पर चर्चा



**नई दिल्ली, 10 जून. मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की.**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें इम्फाल-जिरीबाम राजमार्ग और इम्फाल-दीमापुर राजमार्ग से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी. श्री खेमचंद ने श्री गडकरी से एलीवेटेड हाईवे की परियोजना को जल्द मंजूरी देने का भी अनुरोध किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री गडकरी ने भी राज्य सरकार के इस अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी. राष्ट्रीय राजमार्ग 37 (इम्फाल-जिरीबाम मार्ग) के संबंध में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को सूचित किया कि एक नए सर्वेक्षण के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने नोनी जिले में भूमि मुआवजे को मंजूरी दे दी है और वहां काम शुरू हो गया है. इम्फाल-दीमापुर राजमार्ग पर श्री खेमचंद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कांगपोकपी जिले के मामलों को सुलझा लिया गया है और राज्य मंत्रिमंडल द्वारा एक विशेष पैकेज को मंजूरी दे दी गई है. मुख्यमंत्री ने श्री गडकरी को यह भी बताया कि इम्फाल-उख्रुल-जेसामी राजमार्ग के लिए भूमि से जुड़े विवाद अभी भी बने हुए हैं और राज्य सरकार इस मामले के जल्द समाधान के लिए संबंधित पक्षों के साथ बातचीत कर रही है.

# मोदी ने पीएम के रूप में सर्वाधिक सेवा का स्थापित किया कीर्तिमान

**नई दिल्ली, 10 जून. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक अवधि तक निरंतर सेवा का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है.**

श्री बिरला ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि आज प्रधानमंत्री एवं लोकसभा में सदन के नेता नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्र भारत के इतिहास में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक अवधि तक निरंतर सेवा का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया.प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिनों की निरंतर सेवा का यह ऐतिहासिक पड़ाव भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता और जनविश्वास का प्रतीक है.



उन्होंने कहा कि इस अवधि में संवैधानिक मूल्यों, संसदीय लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को स्वस्थ संसदीय प्रक्रियाओं और परंपराओं के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ता प्राप्त हुई है. लोक सभा अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. राष्ट्र की निरंतर प्रगति, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु उनके नेतृत्व को मेरी मंगलकामनाएं.

## मुंबई में मुख्यमंत्री कार्यालय, बीएमसी को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, 10 जून.** मुंबई में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), मुख्यमंत्री कार्यालय और बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) इमारत, महौपार रितु तावड़े के कार्यालय और अन्य स्थानों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई. मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने लक्षित की गई जगहों पर काफी तलाशी ली, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. पुलिस द्वारा डॉग स्क्वॉड को लेकर जांच की जा रही है।

# जोहॉन्सबर्ग में अंधाधुंध गोलीबारी में हुई 12 लोगों की मौत



**जोहॉन्सबर्ग, 10 जून. दक्षिण अफ्रीका की राजधानी में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी है और नौ लोग घायल हो गये हैं. पुलिस के मुताबिक, मंगलवार देर रात क्लीवलैंड की एक अनधिकृत बस्ती में हुए इस हमले के संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है.**

पुलिस ने बताया, आरोप है कि एक सफेद रंग की टोयोटा क्वांटम गाड़ी से क्लीवलैंड में एक पेट्रोल पंप के पास 10 से अधिक संदिग्ध उतरे थे. बयान में कहा गया है, संदिग्धों ने अनधिकृत बस्ती में प्रवेश किया और पूरे इलाके में घूमकर कई स्थानों पर निवासियों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलायीं. इसके बाद उसी वाहन से वे मौके से फरार हो गये. दक्षिण अफ्रीका में हत्या की दर दुनिया में सबसे अधिक है, जहां औसतन हर दिन लगभग 60 लोग मारे जाते हैं. इस देश की अनधिकृत बस्तियों में गोलीबारी की घटनाएं बेहद आम हैं और कई बार ये गैंगवार तथा व्यक्तिगत विवादों से जुड़ी होती हैं.

### एक नजर में

## यूपीईएसएससी ने सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा का परिणाम किया घोषित

**प्रयागराज, 10 जून.** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी ) ने अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) महाविद्यालयों के लिए आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती की लिखित पुनर्परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है .33 विषयों के कुल 910 पदों के लिए हुई इस परीक्षा में लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर 3,155 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए औपबंधिक रूप से सफल घोषित किया गया है .आयोग ने अपनी वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया है .आयोग के अध्यक्ष डॉ . प्रशांत कुमार ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार (इंटरव्यू) का विस्तृत कार्यक्रम जुलाई मध्य में जारी किया जाएगा .इसकी सूचना आयोग की वेबसाइट के साथ-साथ अभ्यर्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस और उनकी ई-मेल आईडी पर भी दी जाएगी .वर्तमान में प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी)-2022 के प्रस्तावित साक्षात्कार, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी)-2022 के परीक्षा परिणाम की तैयारी और 2 से 4 जुलाई को प्रस्तावित यूपीटीईटी की व्यवस्थाओं के कारण साक्षात्कार की तिथियां जुलाई मध्य तक घोषित होंगी ।यह भर्ती परीक्षा पूर्व में 16 एवं 17 अप्रैल 2025 को कराई गई थी, जिसका परिणाम 4 सितंबर 2025 को जारी हुआ था .इसके बाद सितंबर से नवंबर 2025 के बीच साक्षात्कार भी प्रस्तावित थे, लेकिन लिखित परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण चयन प्रक्रिया को रोक दिया गया था . मामले की उच्च स्तरीय जांच में धांधली की पुष्टि होने पर तत्कालीन अध्यक्ष प्रो . कीर्ति पांडेय से त्यागपत्र ले लिया गया और मुख्यमंत्री के निर्देश पर सात जनवरी 2026 को परीक्षा रद्द कर दी गई थी .उसके बाद नए अध्यक्ष डॉ . प्रशांत कुमार के कार्यकाल में 18 व 19 अप्रैल 2026 को पुनर्परीक्षा आयोजित कराई गई, जिसमें 39,192 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे .अब इसका परिणाम जारी कर दिया गया है .

## रूसी ने एक रात में मार गिराये 326 यूक्रेनी ड्रोन

**मॉस्को, 10 जून.** रूसी हवाई रक्षा प्रणाली ने बीती रात से लेकर आज सुबह तक में देश के विभिन्न क्षेत्रों में 326 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये ।रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी .मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नौ जून को स्थानीय समयानुसार, रात आठ बजे से लेकर 10 जून को सुबह सात बजे तक, हवाई रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 326 फिक्स्ड-विंग ड्रोन को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया .बयान में कहा गया है कि इन ड्रोन को बेलग्राद, ब्रांस्क, वोल्गोग्राद, वोरोनिश, कुर्स्क, कलुगा, लिपेत्स्क, निजनी नोवगोरोड, रोस्तोव, रियाजान, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, ओर्योल, टवेर, तुला, उल्यानोव्स्क क्षेत्रों के साथ-साथ क्रास्नोडार क्षेत्र, मॉस्को क्षेत्र, क्रीमिया और काला सागर के ऊपर नष्ट किया गया .रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले भी इस बात का जिक्र किया था कि यूक्रेनी सेना रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए सैकड़ों ड्रोन भेज रही है .उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेनी शासन जान-बूझकर इन क्षेत्रों में आम नागरिकों को निशाना बना रहा है और एम्बुलेंस तथा कृषि मशीनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे व परिवहन पर हमले कर रहा है .राष्ट्राध्यक्ष ने यूक्रेनी सशस्त्र बलों और कीव के विदेशी भाड़े के सैनिकों के इस्तेमाल किये जा रहे इन तरीकों को आतंकवादी कृत्य करार दिया .

# बंगाल में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

**शुभेंदु ने गृह विभाग रखा अपने पास, स्वप्न दासगुप्ता बने गृह मंत्री**



**कोलकाता, 10 जून. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को अपनी मंत्रिपरिषद में विभागों का बंटवारा कर दिया. मुख्यमंत्री ने गृह, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार सहित कई महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं, जबकि मंत्रियों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं.**

शुभेंदु अधिकारी ने गृह, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, कानून एवं न्याय, भूमि एवं भूमि सुधार, बिजली, सूचना एवं संस्कृति, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास तथा पर्वतीय मामलों के विभाग अपने पास रखे हैं. विभागों के आवंटन की अधिसूचना राज्य सचिवालय नाबन्ना से जारी की गई. चिकित्सक शरदवत मुखोपाध्याय को स्वास्थ्य विभाग का प्रभार दिया गया. तापस रॉय को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के साथ गैर-पारंपरिक ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी मिली है. जगन्नाथ चट्टोपाध्याय को उच्च शिक्षा मंत्री बनाया गया है. दीपक बर्मन को स्कूल शिक्षा विभाग का कार्यभार सौंपा गया है.शंकर घोष को पर्यटन विभाग तथा कल्याण चक्रवर्ती को खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग दिए गए हैं.

पहले शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभाग में दिलीप घोष पंचायत, कृषि विपणन और पशु संसाधन विकास विभाग संभाल रहे हैं. अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा खुदीराम टुडू को जनजातीय विकास विभाग सौंपा गया है. अग्निमित्रा पॉल अब केवल शहरी विकास विभाग देखेंगी, जबकि महिला, बाल एवं समाज कल्याण विभाग मालती रावा रॉय को दिया गया है. इंद्रनील खान को खेल एवं युवा मामलों तथा उपभोक्ता मामलों का विभाग सौंपा गया है. निशीथ प्रामाणिक उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन विकास विभाग संभालेंगे.

### आज का इतिहास

1770- कैप्टन जेम्स कुक ने ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की.

1776- अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए समिति बनाई गई.

1866- इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना हुई. इसे पहले आगरा उच्च न्यायालय के नाम से जाना जाता था.

1897- भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म हुआ.

1921- ब्राजील में महिलाओं को चुनाव में मतदान का अधिकार मिला.

# सुस्मिता देव ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 10 जून. तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुस्मिता देव के इस्तीफे के बाद पार्टी के भीतर चल रहा राजनीतिक संकट और गहरा गया है.**

वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर रॉय के बाद एक सप्ताह के भीतर राज्यसभा से इस्तीफा देने वाली वह दूसरी सांसद बन गई हैं, जिससे पार्टी में असंतोष और संभावित दलबदल की अटकलें तेज हो गई हैं. सुस्मिता देव ने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया. वह एक सप्ताह के भीतर इस्तीफा देने वाली तृणमूल कांग्रेस की दूसरी सांसद हैं. इससे पहले सुखेंदु शेखर रॉय भी राज्यसभा और पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं. तृणमूल की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं सुस्मिता देव के इस्तीफे को पार्टी नेतृत्व के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. सुस्मिता देव वर्ष 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुई थीं. उन्हें बाद में राज्यसभा भेजा गया और वह पार्टी का प्रमुख राष्ट्रीय चेहरा बनीं.

इस्तीफे के बाद सुस्मिता देव की असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं. इस मुलाकात ने उनके भविष्य की राजनीतिक योजनाओं को लेकर चर्चाओं को और तेज कर दिया है. हालांकि इस पर न तो सुस्मिता देव और न ही भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी की गई है.

## 449 करोड़ की लागत से खरीदेंगे जैमर प्रणाली

**नई दिल्ली.** सरकार ने नौसेना के युद्धपोतों को विभिन्न अभियानों के समय दुश्मन की नजर से बचाने वाली स्वदेशी जैमर प्रणाली की खरीद के लिए 449 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है. रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि नौसेना के लिए 20 एनहैंस्ड कैपेबिलिटी ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम जैमर खरीदने के लिए बेंगलुरु की कंपनी अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 449 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। इस प्रणाली को बनाने में कम से कम 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा.

# तीन करोड़ की रिश्वत मामले में दिल्ली का इंस्पेक्टर गिरफ्तार

- हवाला के जरिए रिश्वत लेने का है आरोप
- अपराध शाखा के निरीक्षक को पकड़ा

**नई दिल्ली, 10 जून. केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस के एक निरीक्षक को कथित तौर पर हवाला कारोबारी के जरिए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है.**

यह रिश्वत पुडुचेरी के एक व्यक्ति और उसके साथी को सीबीआई के मामलों में राहत दिलाने के बदले ली जा रही थी. आरोप है कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक प्रदीप सिंह ने आरोपियों की मुलाकात एक अज्ञात वरिष्ठ लोक सेवक से कराई थी, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह एक प्रशासनिक या पुलिस सेवा का अधिकारी है. उसने सीबीआई में मजबूत रसूख होने का दावा किया था और मामलों को रफा-दफा करने के लिए तीन करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी. श्री सिंह को तब गिरफ्तार किया गया जब हवाला के जरिए इस रिश्वत की पहली किस्त दी जा रही थी.

# अमेरिका ने ईरान में 20 ठिकानों पर किये हमले

**वाशिंगटन, 10 जून. अमेरिकी सेना ने ईरान में 20 ठिकानों पर हमले किए हैं, जिसे उसने इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को गिराए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई बताया है.**

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) की ओर से जारी बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमले किए गए उनमें ईरानी हवाई रक्षा प्रणाली, रडार प्रतिष्ठान और ड्रोन नियंत्रण केंद्र शामिल थे. सेंटकॉम ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी सेना और क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमलों का एक जवाब थी. यह नया तनाव बुधवार तड़के कुवैत और बहरीन में



अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के बाद शुरू हुआ. ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी नौसेना ने बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय के साथ-साथ कुवैत में अली अल सलेम हवाई ठिकाने को निशाना बनाया था. कुवैती सैन्य अधिकारियों ने बाद में कहा कि उनकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन के हवाई हमलों को हवा में ही रोक दिया. हालांकि, अभी तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है .

**NoticeInvitinge-Tenders (2nd call)**

**OFFICEOFTHENAGAR PALIKA PARISHAD AMARWARA, DIST-CHHINDWARA**

NITNo. 115/NP/AMA Date: 09/06/2026

Online Lumpsum bids for the following works under "SBM(U) - 2.0" (Estimated on UADD ISSR (w.e.f-02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| TENDER NO. | Scopeofthework | Probableam ountofcontr act (Rs.In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (InRs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD _481603_2 | 1. Design and build sewage treatment plant of installed capacity 1.5 MLD and all appurtenant structures and allied works;<br>2. Survey, Investigation, Designing Construction of Sewage lift station of capacity 600 KLD with Pumps and all necessaryelectrical and mechanical accessories.<br>3. Construction of 2 nos. of I & D on Existing Nallas and all appurtenant structures and allied works<br>4. Construction of Rec drain of length 118 mtr. At different locations and all allied work.<br>5. SEWAGE GRAVATY????: Providing, Laying, Jointing, Testing, Commissioning & Trial run of Dia. 350 mm to 400 mm of RCC NP3 Class pipe of length 1851 mtr.<br>6. SEWAGE PUMPING MAIN:- Providing, Laying, Jointing, Testing, Commissioning & Trial run of Dia. 200 mm of DI K-7 pipe of length 660 mtr. | 380.68 | 1,90,342/- | 15,000/- | 12 Monthsinclu dingrainysea son. |

1. AlldetailsrelatingtotheBidDocument(s)canbeviewedanddownloadedfreeofcost from the website. Interested Biddercan viewthe NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in.

CMO
NAGAR PALIKA
PARISHADAMARWARA

उपलब्धि

**.बैठक में नितिन नवीन सहित अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी व कई राज्यों के सीएम रहे मौजूद**

# मोदीराज में 12 साल में 7 से 12 राज्यों में सरकार

**अर्थव्यवस्था को बनाया मजबूत**



**नई दिल्ली, 10 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में लगातार 12 वर्ष पूरे करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. चुनी हुई सरकार के प्रमुख के रूप में 4,399 दिनों का कार्यकाल पूरा कर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया.**

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत मंडपम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक आयोजित की गई, जहां प्रधानमंत्री मोदी का नेताओं ने खड़े होकर तालियों के साथ अभिवादन किया. 12 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में 7 से 12 राज्यों में बीजेपी की सरकार बन गई है. भारत मंडपम में आयोजित एनडीए बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहुंचने पर गठबंधन के नेताओं ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत और सम्मान किया. पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध झालमुड़ी का स्टॉल भी बैठक में आकर्षण का केंद्र रहा, जहां शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को झालमुड़ी भेंट की. नेहरू के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि 1947 से 1952 तक वह अंतरिम सरकार के प्रमुख थे.

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, पीयूष गोयल और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित कई मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी शामिल हुए. बैठक में एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा सहयोगी दलों के नेता शामिल हुए. प्रधानमंत्री मोदी के इस रिकॉर्ड पर देश और विदेश से उन्हें बधाई संदेश मिल रहे हैं. सीआईआई अध्यक्ष आर. मुकुंदन ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्रित सुधारों और रणनीतिक पहलों ने देश की आर्थिक नींव को मजबूत किया है.